समाचार–प्रकाशनार्थ :–

# मवेशियों को खुला छोड़ने पर 4 मवेशी पालकों पर 1000–1000 का जुर्माना

## अध्यादेश की मंजूरी के बाद तत्काल कार्यवाही प्रारंभ

रतलाम 27 अप्रैल । मध्यप्रदेश नगर पालिक विधि संशोधन अध्यादेश के प्रारूप को कैबिनेट की मंजूरी मिलने के बाद नगर में ऐसे मवेशी पालक जो कि जानबूझकर अपने मवेशियों को सड़कों, चौराहों, सार्वजनिक स्थानों आदि पर खुला छोड़ देते है उन पर जुर्माने की कार्यवाही निगम आयुक्त श्री सोमनाथ झारिया के निर्देशन में नगर निगम के स्वास्थ्य अमले द्वारा प्रारंभ कर दी गई जिसके तहत 4 मवेशी पालकों पर 1000–1000 की राशि का जुर्माना किया गया।

निगम आयुक्त श्री सोमनाथ झारिया ने बताया कि मध्यप्रदेश नगर पालिक विधि संशोधन अध्यादेश के प्रारूप को कैबिनेट की मंजूरी मिलने के बाद नगर निगम रतलाम द्वारा मवेशी पालकों के विरूद्ध कार्यवाही प्रारंभ की गई है जिसके तहत तैलियों की सड़क व त्रिवेणी मुक्तिधाम रोड पर मवेशी पालक सुनील राठौर, अशोक राठौर, नितिन राठौर व जगदीश राठौर द्वारा अपने मवेशियों को खुला छोड़ने पर 1000–1000 का जुर्माना किया गया यह कार्यवाही निरंतर जारी रहेगी।

ऐसे मवेशी पालक जो कि रतलाम नगर की सड़कों, चौराहो, सार्वजनिक स्थानों आदि क्षेत्रों में अपने मवेशियों को खुला छोड़ेंगे तो संबंधित मवेशी पालक के विरूद्ध 1000 की राशि का जुर्माना किया जायेगा।

# नगर पालिक निगम कर्मचारी यूनियन की 15 सूत्रीय मांगो के निराकरण के संबंध में हुई चर्चा

रतलाम 27 अप्रैल । नगर पालिक निगम कर्मचारी यूनियन की 15 सुत्रीय मांगो के निराकरण के संबंध में निगम आयुक्त श्री सोमनाथ झारिया ने निगम अधिकारी के साथ यूनियन के पदाधिकारियों से चर्चा की।

नगर पालिक निगम कर्मचारी यूनियन की 15 सुत्रीय मांगो के संबंध में चर्चा करत हुए 12 जायज मांग पर निगम आयुक्त श्री सोमनाथ झारिया ने सहमति प्रदान कर मांगो का समय–सीमा में निराकरण किये जाने हेतु संबंधित विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया।

आयोजित बैठक में उपायुक्त श्री विकास सोलंकी, कार्यपालन यंत्री सर्वश्री सुरेशचन्द्र व्यास, मोहम्मद हनीफ शेक्ष, जी.के. जायसवाल, प्रभारी सहायक यंत्री श्री सत्यप्रकाश आचार्य, लेखाधिकारी श्री विजय बालोद्रा, निज सहायक श्रो सुभाष गोयल, सहायक वर्ग–2 श्री गोपाल झालीवाल, सहायक वर्ग–3 श्री प्रकाश चौहान, नगर पालिक निगम कर्मचारी यूनियन के पदाधिकारी सर्वश्री राजेन्द्रसिंह राठौर, हेमन्त सोलंकी, इलियास मंसूरी, कुलदीप भट्ट, कैलाश

